बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का उपक्रम)

खाद्य भवन, द्वितीय तल, दरोगा राय पथ, रोड न0-2, आर० ब्लॉक, पटना-800 001

फोन न0-0612-2506109/2506208, फैक्स न0-0612-2506132, Email id-*mdbuidco@gmail.com*

BUIDCo
Building Better Tomorrow

पत्रांक- Buidco/ SIU-1/Yo-08/16-2228 दिनांक- 18/08/17

प्रेषक,

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।

सेवा में,

1. **Jyoti Build Tech Pvt. Ltd.,**
   68/5339, Ragarpura, Karolbabh, New Delhi-110005.
2. **Abhyudaya Housing & Construction Pvt. Ltd.**
   2nd Floor, Abhyudaya Tower, 2-Meera Bai Marg, Hazratganj, Lucknow.
3. **L.R. Sharma & Co.**
   V-17, Green Park Extn., New Delhi – 110016.

विषयः– पटना सैदपुर सिवरेज नेटवर्क परियोजना हेतु निर्गत LOA संख्या– BUIDCO/SIU-1/Yo-08/16-513, दिनांक–22.02.2017 एवं Amended LOA संख्या– BUIDCO/SIU-1/Yo-04/16-841 दिनांक–21.03.17 को निरस्त करने एवं बुडको के आगे की योजनाओं से संबंधित निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि पटना सैदपुर सिवरेज नेटवर्क परियोजना कार्य बुडको के पत्रांक– BUIDCO/SIU-1/Yo-04/16-841, दिनांक–21.03.17 द्वारा M/s Jyoti Build Tech Pvt. Ltd., Abhyudaya Housing & Construction Pvt. Ltd. and L.R. Sharma & Co. (JV), को स्वीकृतादेश (LOA) निर्गत किया गया था। उक्त स्वीकृतादेश में एकरारनामा सम्पादित किये जाने हेतु दिनांक–20.04.2017 (30 days as per RFP clause 6.5) तक Performance Bank Guarantee समर्पित किये जाने की अवधि निर्धारित थी।

2. योजना पूर्ण किये जाने हेतु तीन वर्ष का लक्ष्य एवं रख–रखाव कार्य 10 वर्ष की अवधि निर्धारित है। LOA निर्गत की तिथि से लगभग 4.5 माह बीत जाने के पश्चात् भी एकरारनामा हेतु आपके द्वारा वैध PBG बुडको को उपलब्ध नहीं कराई गई है। जबकि PBG जमा करने हेतु 30 दिनों की अवधि निर्धारित थी।

3. इस परियोजना में शुरू से ही आपके द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है एवं 134 दिनों (4.5 माह) के पश्चात भी अभीतक की वैध PBG की मूल प्रति बुडको को उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

4. बुडको के पत्रांक– BUIDCO/SIU-4/291, दिनांक - 03.05.2017 द्वारा एकरारनामा हेतु Performance Security की मूल प्रति जमा करने हेतु प्रेषित नोटिस के आलोक में आपके द्वारा अपने पत्रांक– JBPL-AHCPL-LRSCo/BUIDCO/Saidpur/2066, दिनांक - 09.05.2017 के माध्यम से सूचित किया गया कि बैंक ग्रारंटी तैयार किये जाने की प्रक्रिया में है। एक सप्ताह के अन्दर बुडको को उपलब्ध करा दी जायेगी। परन्तु आज तक आपके द्वारा PBG नहीं जमा किया गया हैं।

5. बुडको द्वारा ई–मेल के माध्यम से दिनांक–19.05.2017 को अन्तिम "Notice for submission of Performance Security" प्रेषित किया गया। जिसके आलोक में आपके द्वारा अपने पत्रांक– JBPL-AHCPL-LRSCo/BUIDCO/Saidpur/2069, दिनांक - 22.05.2017 के माध्यम से सूचित किया गया कि Performance Security की मूल प्रति दिनांक–23.05.2017 को बुडको कार्यालय में उपस्थित होकर बुडको को उपलब्ध करा दी जायेगी।

6. बुडको द्वारा अनेक बार नोटिस निर्गत किये जाने के बावजूद भी आपके द्वारा PBG की मूल प्रति नहीं जमा करने के फलस्वरूप बुडको के पत्रांक– BUIDCO/SIU-1/Yo-08/16-1460, दिनांक - 29.05.17 द्वारा अन्तिम मौका देते हुए Performance Security की मूल प्रति जमा करने हेतु निदेशित किया गया था।

7. उक्त के आलोक में आपके द्वारा पुनः ईमेल के माध्यम से दिनांक 30.5.2017 को IndusInd Bank का Rs. 431216000.00 का Performance Security, validity 31.12.2020 जमा किया गया। बुडको द्वारा उक्त Performance Security को संबंधित बैंक से सत्यापन किये जाने पर IndusInd Bank द्वारा सूचित किया गया कि उक्त Performance Security बैंक द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। अर्थात आपके द्वारा बुडको को अवैध/Fake PBG उपलब्ध कराई गयी, जो एक गंभीर मामला है।

8. उपर्युक्त के आलोक में RFP Section-6 (6.6) के आधार पर अग्रेतर कारवाई के क्रम में जमा EMD को जब्त करने की कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए बुडको के पत्रांक–1957, दिनांक–18.7.2017 द्वारा आपसे स्पष्टीकरण की मांग गयी थी।

9. दिनांक–21.7.2017 को ई–मेल के माध्यम से आपके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उल्लेखित किया गया है कि आपके Consultant द्वारा IndusInd Bank का अवैध / गलत Performance Security तैयार कराया गया है। जबकि Consultant द्वारा Performance Security तैयार कराने का कोई Provision RFP/Bid Document में सम्मलित नहीं है। साथ ही आपके द्वारा PBG जमा करने हेतु NMCG द्वारा 15 दिनों के अवधि की स्वीकृति की बात कही गयी है। जबकि NMCG से उक्त की सूचना बुडको को अप्राप्त है। इस संदर्भ में आपके द्वारा भी कोई अभिलेख / साक्ष्य बुडको को उपलब्ध नहीं कराया गया है। तथ्यों के आलोक में बुडको द्वारा विचारोपरान्त आपके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण अस्वीकृत कर दिया गया है।

10. उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ससमय एकरारनामा नहीं सम्पादित करने, अवैध (Fake) PBG समर्पित करने के परिपेक्ष्य में बुडको द्वारा M/s Jyoti Build Tech Pvt. Ltd., Abhyudaya Housing & Construction Pvt. Ltd. and L.R. Sharma & Co. (JV) के पक्ष में निर्गत **LOA संख्या– BUIDCO/SIU-1/Yo-08/16-513, दिनांक–22.02.2017** एवं **Amended LOA संख्या– BUIDCO/SIU-1/Yo-04/16-841 दिनांक–21.03.17 को निरस्त करते हुए बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना (बुडको) की योजनाओं में अगले पांच वर्षों तक निविदा में भाग लेने से Debar** किया जाता है। साथ ही आपके निबंधन को कालीकृत किये जाने की दिशा में अग्रेतर आवश्यक कारवाई प्रारम्भ की जा रही है।

विश्वासभाजन

16.8.17

प्रबंध निदेशक,
बुडको, पटना।